C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 186 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - रविवार, 28 दिसम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## अरावली में अवैध खनन पर बड़ा एक्शन, 29 दिसंबर से चलेगा संयुक्त अभियान

### सीएम भजनलाल शर्मा के निर्देश, नए खनन पर पूरी तरह रोक , 250 करोड़ से हरित अरावली परियोजना

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

अरावली पर्वतमाला को लेकर चल रहे विवादों के बीच राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर 29 दिसंबर से 15 जनवरी तक अरावली क्षेत्र के जिलों में संयुक्त विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाया जाएगा।






मुख्यमंत्री ने वन, पर्यावरण एवं खान विभाग की समीक्षा बैठक में स्पष्ट कहा कि अरावली पर्वतमाला प्रदेश की अमूल्य प्राकृतिक धरोहर है और इसके स्वरूप से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शर्मा ने कहा कि सरकार अरावली क्षेत्र में किसी भी नए खनन को अनुमति नहीं देगी, इस संबंध में केंद्र सरकार के निर्देश भी लागू हैं।

बैठक में यह भी बताया गया कि अरावली को हरा-भरा बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा 250 करोड़ रुपये की हरित अरावली विकास परियोजना शुरू की गई है। इसके तहत अरावली क्षेत्र के जिलों में करीब 32 हजार हेक्टेयर भूमि पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। खनन लीज जारी करने में सुप्रीम कोर्ट और सीईसी की गाइडलाइंस का सख्ती से पालन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री के आदेशों के बाद खान, राजस्व, पुलिस, परिवहन और वन विभाग संयुक्त रूप से यह अभियान चलाएंगे। अभियान की मॉनिटरिंग जिला कलेक्टरों द्वारा की जाएगी। खान विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकांत ने सभी जिलों के माइनिंग एक्सईएन को अभियान को लेकर आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं।

## नाकाबंदी में बड़ी कार्रवाई, स्विफ्ट कार से 15 किलो गांजा जब्त

### ए.एन.टी.एफ कोटा व बेगूं पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, तीन तस्कर गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ बेगूं / बिजोलिया**

अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बेगूं क्षेत्र में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। ए.एन.टी.एफ कोटा और बेगूं पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार को नाकाबंदी के दौरान एक स्विफ्ट कार से 15 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।

पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि कार्रवाई बेगूं डीएसपी अंजलि सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी धर्मराज मीना के नेतृत्व में की गई। ए.एन.टी.एफ कोटा से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर मेनाल-आरोली टोल नाके पर नाकाबंदी की गई थी।

नाकाबंदी के दौरान एक स्विफ्ट कार आती दिखाई दी, जिसमें तीन व्यक्ति सवार रहे। पुलिस ने वाहन को रोकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने कार भगाने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को घेराबंदी कर रोक लिया। तलाशी के दौरान कार से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ, जिसके बाद कार को जब्त कर लिया गया।पुलिस ने तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और मामले कि जांच शुरू की है ।

## राजस्थान में 108-104 एम्बुलेंस सेवाएं आज से नहीं चलेगी

### वेतन व कार्य समय को लेकर कर्मचारियों ने किया ऐलान, रविवार रात 12 बजे से कार्य बहिष्कार

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान में आमजन के लिए जीवनरक्षक मानी जाने वाली 108 और 104 एम्बुलेंस सेवाएं रविवार रात 12 बजे से बन हो जाएगी। नए टेंडर में वेतन घटाने और कार्य समय 8 घंटे की बजाय 12 घंटे करने के विरोध में एम्बुलेंस कर्मचारियों की यूनियन ने कार्य बहिष्कार का ऐलान किया है। यदि समाधान नहीं निकला तो प्रदेशभर में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं।










राजस्थान एम्बुलेंस कर्मचारी यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि यूनियन ने स्वास्थ्य विभाग (एनएचएम) के समक्ष टेंडर शर्तों में वेतन में 30 प्रतिशत बढ़ोतरी और वर्किंग आवर्स 8 घंटे करने की मांग रखी थी, लेकिन इस पर अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया। मजबूरन कर्मचारियों ने 28 दिसंबर रात 12 बजे से सेवाएं बंद करने का निर्णय लिया है।

प्रदेश में वर्तमान में 108 सेवा के 1094 वाहन और 104 सेवा के 600 वाहन संचालित हैं, जिनका संचालन मॉडर्न इमरजेंसी सर्विसेज लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। ये सेवाएं आमजन को निशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं और करीब 3 हजार कर्मचारी इससे जुड़े हुए हैं।

यूनियन का कहना है कि वर्तमान में ड्राइवर व अन्य स्टाफ को मात्र 12,730 रुपये मासिक वेतन दिया जा रहा है, जो बढ़ती महंगाई के अनुरूप अपर्याप्त है। कर्मचारियों ने टेंडर में हर वर्ष 10 प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि का प्रावधान जोड़ने की भी मांग की है।

## पुलिस की कार्रवाई, वांछित हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत पारोली थाना पुलिस ने वांछित चल रहे एक हिस्ट्रीशीटर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी सियाराम के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई ।



पुलिस ने बताया की आर.बी. माइंस एंड मिनरल्स, घेवरिया में मैनेजर के पद पर कार्यरत धर्मवीर चौधरी, ने रिपोर्ट दी थी कि 17 जून को कुछ लोगों ने माइंस पर पहुंचकर खनन कार्य में बाधा उत्पन्न की। आरोप है कि मजदूरों के साथ मारपीट की गई, अवैध वसूली की मांग की गई तथा खनन कार्य रोकने की धमकियां दी गईं। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। जांच के दौरान पुलिस ने वांछित आरोपी कालुलाल गुर्जर को गिरफ्तार किया , जहाँ से उसे न्यायालय में पेश किया गया है । पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## कोटा में बड़ा हादसा टला, स्टोन स्लरी के दलदल में फंसे तीन बच्चे सुरक्षित निकाले

### औद्योगिक क्षेत्र में आधे घंटे चला रेस्क्यू, प्रशासनिक लापरवाही पर उठे सवाल

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित** । रामगंजमंडी क्षेत्र के अमरपुरा स्थित औद्योगिक इलाके में शनिवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब कोटा स्टोन फैक्ट्रियों की पॉलिश स्लरी से बने दलदल में तीन मासूम बच्चे फंस गए। करीब एक घंटे तक बच्चे दलदल में फंसे चीखते रहे, लेकिन आसपास चल रही फैक्ट्रियों की मशीनों के शोर में किसी को आवाज सुनाई नहीं दी।



स्थानीय लोगों के अनुसार, दोपहर करीब एक बजे खेलते-खेलते 7, 8 और 11 वर्ष के तीन बच्चे स्लरी के दलदल में उतर गए। दो बच्चे कमर तक धंस गए, जबकि सबसे छोटा बच्चा गले तक दलदल में फंस गया। मशीनें बंद होने के बाद जब लोगों को घटना का पता चला तो ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पत्थर डालकर अस्थायी रास्ता बनाया। इसके बाद साड़ी और रस्सी की मदद से करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद तीनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। ग्रामीणों ने बताया कि यह दलदल निजी जमीन पर बना हुआ है, जहां बिना किसी बाउंड्री वॉल या चेतावनी के कोटा स्टोन फैक्ट्रियों की स्लरी डाली जा रही है। पूर्व में भी यहां हादसे हो चुके हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए ऐसे खुले स्लरी दलदलों को तत्काल बंद कराने की मांग की है। मामले पर तहसीलदार नेहा वर्मा ने बताया कि घटना की जांच कराई जा रही है। जमीन मालिक की पहचान के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

C M Y K

# नाबालिग से बातचीत के बहाने सोने के आभूषण छीने , मामला दर्ज

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

कस्बे में सर्राफा व्यवसायी के नाबालिग पुत्र से जबरन सोने के आभूषण छीनने का मामला सामने आया है। पीड़ित कपिल स्वर्णकार द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़ित ने बताया है कि करीब तीन माह पूर्व सुबह के समय पीड़ित का 16 वर्षीय पुत्र घर से सोने-चांदी के आभूषणों से भरा बैग लेकर दुकान जा रहा था। रास्ते में परिचित युवकों ने उसे रोककर पहले बातचीत के बहाने जानकारी ली और फिर लालच में आकर जबरन बैग छीन लिया। आरोप है कि बैग से लगभग 35 ग्राम सोने का हार, 30 ग्राम सोने के कान के झेले और 6 ग्राम सोने के टोप्स जबरन निकाल लिए गए।



घटना के दौरान नाबालिग को जान से मारने की धमकी भी दी गई, जिससे वह डर गया और काफी समय तक किसी को इसकी जानकारी नहीं दे सका। बाद में मित्र को बताने पर परिजनों को घटना का पता चला। पीड़ित का आरोप है कि मामले में आपसी मिलीभगत से आभूषणों को खुर्द-बुर्द कर दिया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया है। मामले की जांच एएसआई नरेश कुमार कर रहे है । पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी और आभूषणों की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## ड्राइविंग अपराध पर सख्ती: नाकाबंदी तोड़ पुलिस पर कार चढ़ाने वाला नशे में धुत चालक गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**



गर्वित । शहर में सड़क सुरक्षा और ड्राइविंग अपराधों पर सख्ती के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। नाकाबंदी के दौरान पुलिस टीम पर कार चढ़ाने का प्रयास करने वाले नशे में धुत चालक को गिरफ्तार कर उसकी लग्जरी कार जब्त की गई है। घटना में पुलिसकर्मियों की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया।

पुलिस अधीक्षक कोटा शहर तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 26 अनन्तपुरा थाना क्षेत्र में विशेष अभियान के तहत बरड़ा बस्ती चौराहे पर नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार किआ सेल्टोस कार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक ने रुकने के बजाय पुलिसकर्मियों को कुचलने की नीयत से कार की रफ्तार बढ़ा दी।

पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए कूदकर अपनी जान बचाई, जबकि आरोपी ने बैरिकेड तोड़कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। इसके बाद पुलिस ने पीछा कर कार को रोका और चालक को पकड़ लिया। मौके पर कराई गई ब्रेथ एनालाइजर जांच में चालक के शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई।

पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर आरोपी देवेन्द्र सिंह हाड़ा को गिरफ्तार कर लिया है तथा क्षतिग्रस्त लग्जरी कार किआ सेल्टोस को जब्त कर लिया गया है।

## श्रीमद् भागवत कथा में सुदामा चरित्र, महाआरती के साथ हुआ कथा विश्राम

### संत मुमुक्षुरामजी महाराज बोले सच्ची मित्रता कृष्ण-सुदामा जैसी ही होती है





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर के रोडवेज बस स्टैंड के पास अग्रवाल उत्सव भवन में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का शनिवार को भावपूर्ण समापन हुआ। अंतिम दिन सुदामा चरित्र के वाचन और महाआरती के साथ कथा का विश्राम किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

व्यास पीठ से कथा वाचन करते हुए सोजत रामद्वारा के रामस्नेही संत मुमुक्षु रामजी महाराज ने कहा कि आज के युग में सच्चे मित्र दुर्लभ हैं। यदि मित्रता हो तो कृष्ण-सुदामा जैसी हो, जहां मित्र के दुख को अपना समझा जाता है। उन्होंने कहा कि जिसके पास कृष्ण जैसा मित्र हो, वह कभी दरिद्र नहीं हो सकता। कथा के दौरान श्रीकृष्ण लीलाओं के साथ सुदामा चरित्र का सजीव वर्णन किया गया। जब झांकियों के माध्यम से भगवान कृष्ण द्वारा सुदामा के चरण धोने का प्रसंग प्रस्तुत हुआ, तो पूरा पांडाल भक्तिभाव से गूंज उठा। अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो... जैसे भजनों ने वातावरण को भावमय बना दिया।

समापन अवसर पर हरिशेवाधाम भीलवाड़ा के महामंडलेश्वर हंसारामजी महाराज एवं रामस्नेही संत डॉ. रामस्वरूप शास्त्री का सान्निध्य भी प्राप्त हुआ। आयोजनकर्ता पोरवाल परिवार की ओर से संत मुमुक्षु रामजी महाराज का अभिनंदन किया गया।

इससे पूर्व छठे दिन रात्रि को आयोजित भजन संध्या में गायक अभिषेक माहेश्वरी ने श्याम भक्ति से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन संध्या में श्याम बाबा के जयकारों से वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो गया।

## पशुधन चोरी मामले में बड़ी सफलता, 5 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



प्रतापनगर थाना पुलिस एवं जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) ने पशुधन चोरी के एक प्रकरण में बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी जयपुर के बिन्दायका थाना में दर्ज एक अन्य गंभीर प्रकरण में भी वांछित था।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी राजपाल सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई।

पुलिस ने बताया की बीती 20 मई को अभिषेक जांगिड (23), निवासी पटेल नगर, प्रतापनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रात को उसके बाड़े में बंधी दो भैंसें अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर ली गईं। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।

जांच के दौरान गठित टीम ने घटनास्थल व आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, रूट चार्ट तैयार किया और तकनीकी व आसूचना साक्ष्यों के आधार पर आरोपी नारायण पुत्र शंकर कालबेलिया (25), निवासी बडलियास को गिरफ्तार किया। आरोपी थाना प्रतापनगर का 5 हजार रुपये का इनामी बदमाश है तथा जयपुर के बिन्दायका थाना का भी वांछित है।

पुलिस मामले की जाँच में जुटी है ।

## मधुमक्खियों से बचने के प्रयास में बाइक गिरी, चार घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



(सांवर वैष्णव)। क्षेत्र के ककरोलिया माफी गांव के पास मधुमक्खियों के झुंड से बचने के प्रयास में एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिर गई। हादसे में बाइक सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों का उपचार सवाईपुर राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बोरखेड़ा निवासी चांदी देवी भील (60), उनका पुत्र कैलाश भील (45), अंजली भील (8) तथा गेगा का खेड़ा निवासी धनराज भील (50) बाइक से बोरखेड़ा से ककरोलिया माफी गांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक मधुमक्खियों का झुंड सामने आ गया। उनसे बचने के प्रयास में बाइक संतुलन खो बैठी और सड़क किनारे खाई में जा गिरी, जिससे चारों घायल हो गए। घटना के बाद साथियों ने घायलों को अन्य बाइकों से सवाईपुर चिकित्सालय पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी की हालत सामान्य बताते हुए छुट्टी दे दी।

## कोहरे के कारण बड़ा हादसा टला, दो ट्रकों के बीच फंसी बिजली विभाग की बोलेरो



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में घने कोहरे के चलते शनिवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। मांडल थाना क्षेत्र में रेलवे ब्रिज पर बिजली विभाग की बोलेरो आगे-पीछे चल रहे दो ट्रकों के बीच फंसकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत यह रही कि वाहनों की गति कम होने के कारण बोलेरो में सवार चालक सहित दो युवकों को केवल मामूली खरोचें आईं।

जानकारी के अनुसार घटना मांडल कस्बे से मांडल चौराहे को जोड़ने वाले रेलवे ब्रिज पर हुई। सुबह के समय घने कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम थी। इसी दौरान बिजली विभाग की बोलेरो चालक ने ओवरटेक करने का प्रयास किया, तभी वाहन अपने आगे चल रहे ट्रक से टकरा गया। इसी बीच पीछे से आ रहे एक अन्य ट्रक ने भी बोलेरो को चपेट में ले लिया, जिससे गाड़ी दोनों ट्रकों के बीच फंस गई।

हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। सूचना पर पुलिस एवं 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। बोलेरो में सवार चालक और दो युवकों को प्राथमिक उपचार दिया गया, जिसके बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बोलेरो को रेलवे ब्रिज से हटवाकर यातायात सुचारु करवाया। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण घना कोहरा और ओवरटेक की कोशिश बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मेडिकल कॉलेज में बवाल, इंटर्न डॉक्टरों के दो गुट भिड़े

### खाने की लाइन से शुरू हुआ विवाद ट्रॉमा सेंटर तक पहुंचा, 3 गिरफ्तार ,बाद में समझौता

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



सरकारी मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इंटर्न डॉक्टरों के दो गुटों के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। खाने की लाइन में धक्का-मुक्की और अभद्र भाषा को लेकर शुरू हुआ झगड़ा लाठी-डंडों तक जा पहुंचा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शांति भंग के आरोप में तीन इंटर्न डॉक्टरों को गिरफ्तार किया, जिन्हें बाद में समझौते पर छोड़ दिया गया।

घटना गुरुवार रात करीब 11 बजे राजमाता विजयाराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज में आयोजित पिनाका मेडफेस्ट के दौरान हुई। विवाद के बाद दोनों गुट महात्मा गांधी हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर के बाहर फिर भिड़ गए। यहां एक इंटर्न डॉक्टर लाठी लेकर दूसरे पर हमला करता दिखा; बीच-बचाव करती महिला स्टाफ का वीडियो भी सामने आया।

सुभाष नगर थाना के अनुसार तीन युवकों को शांति भंग में पकड़ा गया था। बाद में दोनों पक्ष थाने पहुंचे और आपसी समझौता होने पर रिपोर्ट वापस ले ली गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. वर्षा सिंह ने कहा कि अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।



# युद्ध-सा लगा नज़ारा, निकला प्रकृति का संदेश

## शाहपुरा की सुबह ने बताया विनाश नहीं, सृजन ही असली ताकत



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचंद पेसवानी ।** शनिवार सुबह शाहपुरा के नूर घाट तालाब पर उभरा दृश्य कुछ पलों के लिए चौंकाने वाला था। उगते सूरज की किरणें और तालाब से उठती धुंध मिलकर ऐसी आकृतियां बना रही थीं, मानो रॉकेट या मिसाइलें गिर रही हों। लोग ठिठक गए, मोबाइल कैमरे चल पड़े। कुछ ही देर में भ्रम टूटा यह युद्ध नहीं, प्रकृति का अद्भुत प्रकाशीय खेल था। ठंड, नमी और सूर्य-किरणों के खास कोण ने ऐसा दृश्य रचा, जो विज्ञान से समझा जा सकता है, लेकिन भावनाओं में गहरी बात कह गया। पर्यावरण प्रेमियों ने इसे संदेश बताया और कहा ताकत हथियारों में नहीं, संतुलन और सृजन में है। जहां युद्ध राख छोड़ता है, वहीं प्रकृति हर सुबह नई उम्मीद लेकर लौटती है। शाहपुरा की इस सुबह ने साफ कहा जीत अंततः प्रकृति की ही होती है। विनाश नहीं, सृजन ही सबसे बड़ी शक्ति है।

QUICK BITES

## अरावली बचाओ जन आंदोलनः आज आसींद क्षेत्र में जन जागरण पदयात्रा

### पूर्व मंत्री रामलाल जाट एनएच-148डी सूरज चौराहे से करेंगे पदयात्रा का शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**



प्रदेशभर में चल रहे अरावली पर्वत संरक्षण अभियान के तहत भीलवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा रविवार को अरावली बचाओ जन आंदोलन को लेकर जन जागरण पदयात्रा निकाली जाएगी। पदयात्रा जिले के करेड़ा क्षेत्र की ग्राम पंचायत किडीमाल स्थित एनएच-148डी के सूरज चौराहे से सुबह 10 बजे प्रारंभ होकर अरावली की गोद में स्थित बे माता किडीमाल मंदिर तक पहुंचेगी।

इस जन जागरण पदयात्रा का नेतृत्व पूर्व मंत्री एवं भीलवाड़ा देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष रामलाल जाट करेंगे। यात्रा में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, कांग्रेस पदाधिकारियों तथा बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं की भागीदारी रहेगी।

कांग्रेस कमेटी ने बताया कि पदयात्रा का उद्देश्य अरावली पर्वत श्रृंखला के संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और अवैध खनन के दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक करना है। जन आंदोलन को लेकर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली हैं।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

## पर्यावरण संरक्षण पर सख्ती की मांग, विधायक अशोक कोठारी ने सीएम को लिखा पत्र

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

प्रदेश में लगातार बढ़ते तापमान और ऊष्माघात की गंभीर होती समस्या के बीच अशोक कोठारी ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को पत्र लिखकर पर्यावरण संरक्षण के लिए कड़े और प्रभावी कदम उठाने का आग्रह किया है। विधायक कोठारी ने कहा कि केवल कागजों पर वृक्षारोपण के आंकड़े दिखाने से पर्यावरण नहीं बचेगा, बल्कि लगाए गए पौधों के जीवित रहने और रिकॉर्ड संधारण की जवाबदेही तय करनी होगी। उन्होंने बढ़ते तापमान को प्रकृति का चेतावनी संकेत बताते हुए तत्काल ठोस कार्रवाई की आवश्यकता जताई।

कोठारी ने सुझाव दिया कि वृक्षारोपण में छायादार व 24 घंटे ऑक्सीजन देने वाले पौधों को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए मनरेगा या स्वयंसेवी संगठनों के माध्यम से समर्पित श्रमिक लगाए जाएं। उन्होंने राजकीय कार्यालयों, सड़कों, चारागाहों व सरकारी भूमि पर हुए वृक्षारोपण के सत्यापन हेतु जिला वन अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त करने की मांग की।



विधायक ने कहा कि यदि आगामी सत्र से पहले पौधों की सुरक्षा और जिम्मेदार कार्मिकों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है, तो राजस्थान हरित क्रांति की दिशा में आगे बढ़ेगा और पर्यावरण संतुलन कायम हो सकेगा।

## वी मैत्री क्लब ने जरूरतमंद बच्चों को बांटी खुशियां

### आरके कॉलोनी में बिस्किट, कुकीज़ व सर्दी से बचाव सामग्री वितरित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है इस भावना को चरितार्थ करते हुए वी मैत्री क्लब द्वारा शहर में एक सराहनीय सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत निःसहाय एवं जरूरतमंद बच्चों को बिस्किट, कुकीज़ तथा सर्दी से बचाव के लिए मोजे वितरित किए गए।




क्लब सदस्य मनीष बंब ने बताया कि यह सेवा कार्यक्रम आरके कॉलोनी में आयोजित हुआ, जहां बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ झलकता नजर आया। क्लब सदस्यों ने मानव सेवा को सच्ची पूजा बताते हुए समाज के कमजोर वर्ग के प्रति संवेदनशीलता का परिचय दिया।

कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष सीमा बापना, संरक्षिका चेतना चपलोत, उप संरक्षिका मधु मेडतवाल, सचिन सुरेखा पिपाड़ा, कोषाध्यक्ष दीपिका जैन, प्रेणा लोढ़ा, रेखा बोरदिया, पूनम तिवारी, प्रतिभा त्रिपाठी, पुष्पा पोखरणा एवं रानू नाहर सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## गुरुदेव अम्बालाल महाराज की 32वीं पुण्य स्मृति पर कच्ची बस्ती में हुआ कंबल वितरण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

चन्दनबाला महिला मंडल, अम्बेश के तत्वावधान में गुरुदेव अम्बालाल महाराज की 32वीं पुण्य स्मृति के पावन अवसर पर सराहनीय सेवा कार्य का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शीत ऋतु से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए।

मंडल की ओर से यह सेवा कार्यक्रम पालड़ी गांव स्थित भड़ाना वाटिका क्षेत्र की कच्ची बस्ती में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित कर सर्दी से बचाव का संदेश दिया गया। सेवा कार्य के दौरान लाभार्थियों के चेहरों पर संतोष और राहत साफ नजर आई।



सेवा कार्यक्रम में मंडल की मार्गदर्शिका कमला चौधरी, अध्यक्ष उर्मिला वागरेचा, मंत्री किरण हिरण, कोषाध्यक्ष सुनीता सूर्या सहित संतोष पामेचा, आशा कुकड़ा, पुष्पा चोरडिया, चंचल काठेड, विमला सिसोदिया, कविता सूर्या, रेखा पानगडिया, रेखा सूर्या एवं आशिका पानगड़िया की सक्रिय सहभागिता रही।

## संस्कार भारती सी सै स्कूल की छात्रा गर्वी सोनी को मिलेगा पद्माक्षी पुरस्कार

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**मानव तिवाड़ी।** स्थानीय संस्कार भारती सी सै स्कूल की छात्रा गर्वी सोनी पुत्री शंभू प्रसाद सोनी का चयन राज्य सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाले पद्माक्षी पुरस्कार के लिए किया गया है। गौरतलब है कि गर्वी सोनी ने कक्षा 12वीं विज्ञान वर्ग की बोर्ड परीक्षा 2025 में 97.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर भीलवाड़ा जिले में प्रथम स्थान हासिल किया था। इसी उत्कृष्ट उपलब्धि के आधार पर राज्य सरकार ने उनका चयन पद्माक्षी पुरस्कार के लिए किया है।

उल्लेखनीय है कि पद्माक्षी पुरस्कार जिले में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रदान किया जाता है, जिसके अंतर्गत 1 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि एवं स्कूटी दिए जाने का प्रावधान है।


बिजोलिया : गर्वी सोनी

विद्यालय के निदेशक आदर्श सोनी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जारी जिले की सूची में कस्बे की छात्रा गर्वी सोनी का नाम शामिल होने से विद्यालय स्टाफ, विद्यार्थियों तथा कस्बेवासियों में हर्ष का माहौल है।

# गुरला में शीतलहर का असर, कोहरे की चादर में लिपटा कालका माता मंदिर व रणजीत सागर तालाब



भीलवाड़ा फोकस @ गुरला

(बद्रीलाल माली)। नेशनल हाईवे-758 पर स्थित गुरला में शनिवार सुबह बर्फीली हवाओं और घने कोहरे ने ठंडक घोल दी। दिन में धुजणी छूटती रही, जबकि सुबह-शाम शीतलहर के कारण लोग ठिठुरते नजर आए। कोहरा इतना घना रहा कि सड़कों पर सीमित दूरी तक ही दिखाई दे रहा था, जिससे वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर आवागमन करना पड़ा।


भीलवाड़ा-राजसमंद-उदयपुर फोरलेन पर स्थित रणजीत सागर तालाब सुबह तक कोहरे की चादर में ढका रहा। करीब नौ बजे तक कोहरा छाया रहने से जनजीवन प्रभावित रहा और लोग घरों से कम ही बाहर निकले।

इसी तरह कालका माता मंदिर, जो अरावली पहाड़ी की तलहटी में स्थित है, पूरी तरह कोहरे में लिपटा रहा। ठंड के प्रकोप के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में भी गतिविधियां धीमी रहीं। किसानों ने धूप निकलने के बाद ही खेतों की ओर रुख किया।

# बसंत पंचमी पर हरनी महादेव में होगा सेन समाज का 9वां सामूहिक विवाह सम्मेलन

## 51 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में, तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



बसंत पंचमी के अबूझ मुहूर्त पर सेन समाज सामूहिक विवाह समिति की ओर से हरनी महादेव में 9वां भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में समाज के लगभग 51 जोड़ों का विवाह संपन्न होगा। यह जानकारी समिति के मीडिया प्रवक्ता दिनेश सेन ऊपरेड़ा ने दी। समिति कार्यालय प्रमुख सुरेश सेन कुंडिया ने बताया कि सम्मेलन की औपचारिक शुरुआत वधु पक्ष द्वारा वर पक्ष को भेजी जाने वाली लग्न पत्रिकाओं के लेखन व वितरण से होगी। इसके तहत विनायक स्थापना कर मंत्रोच्चार के साथ सोनी धर्मशाला में समाज के सम्माननीयजनों की उपस्थिति में मुख्य विवाह पुरोहित द्वारा लग्न पत्रिकाएं लिखी जाएंगी, जिन्हें बाद में वर पक्ष को प्रेषित किया जाएगा।

सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की जाएगी। बैठक में समिति अध्यक्ष दुर्गा शंकर सेन मांडल, सचिव बाबूलाल चाखेड़, कोषाध्यक्ष गोपी लाल सेन समेलिया, कार्यकारी अध्यक्ष रतन सेन भादू, नरेश सईवाल तथा महिला मंडल टीम की गीता भाटी के नेतृत्व में विभिन्न कार्यसमितियों का गठन किया जाएगा। इनमें पांडाल व्यवस्था, आमंत्रण, भोजन व्यवस्था एवं सामाजिक कार्यक्रमों की जिम्मेदारियां तय की जाएंगी।

इस अवसर पर सेन समाज के सभी सदस्यों, विभिन्न समितियों, महिला मंडलों एवं सामाजिक संगठनों को सम्मेलन में सहभागिता हेतु सादर आमंत्रित किया गया है। समिति ने समाजजनों से आयोजन को भव्य व सफल बनाने के लिए सहयोग और समर्थन की अपील की है।

विवाह समिति के संस्थापक अध्यक्ष सुरेश सेन कटार, पूर्व अध्यक्ष भगत सेन, बालूलाल सेन एवं सत्यनारायण सेन रूपपुरा ने भी समस्त सेन समाज से हरनी महादेव में आयोजित होने वाले इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आग्रह किया है।

# शाहपुरा में श्रद्धा के साथ मनाया गया शनि देव का पोष बड़ा महोत्सव

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।



पिवणिया तालाब स्थित श्री शनि देव मंदिर में पोष बड़ा महोत्सव श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शनि भक्तों ने मंदिर को भव्य एवं आकर्षक रूप से सजाया, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया।

महोत्सव के दौरान पंडित सुनील कुमार भट्ट ने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ शनि प्रतिमा पर तेल से अभिषेक संपन्न कराया। आयोजन सीताराम बाबा के सान्निध्य में हुआ। कार्यक्रम में महिला मंडल की महिलाओं ने बेगा बेगा आओ मारा शनि देव एवं छाया का पुत्र लाडला कृपा कर दो जैसे भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

पुजारी जगदीश रामकुमार द्वारा श्री शनि देव की महाआरती की गई। इसके बाद भक्तों ने पोष बड़ा की भव्य झांकी सजाई और शनि देव को 51 किलो हलवा एवं बड़े का भोग अर्पित किया गया।

महोत्सव के समापन पर श्रद्धालुओं ने शनि देव से सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।

# महलों के चौक में 2 करोड़ की पानी की टंकी पूर्ण, श्रमिकों का हुआ सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।



नगर के महलों के चौक क्षेत्र में डीएमएफटी योजना के तहत करीब 2 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पानी की टंकी का कार्य पूर्ण होने पर शनिवार देर शाम टंकी बचाओ संघर्ष समिति की ओर से निर्माण श्रमिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम समिति अध्यक्ष ठाकुर शक्ति सिंह परिहार की अगुवाई में संपन्न हुआ। समारोह में संघर्ष समिति के सदस्यों ने टंकी निर्माण में जुटे श्रमिकों को माला पहनाकर, अंगवस्त्र ओढ़ाकर एवं मिठाई भेंट कर सम्मानित किया। श्रमिक टीम के प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह ने सहयोग और समर्थन के लिए सभी का आभार जताया।

कार्यक्रम में संघर्ष समिति के सुभाष व्यास, पार्षद डॉ. इशाक खान कायमखानी, कैलाश वर्मा, जाकिर खान, सत्यनारायण पाठक, महावीर झंवर, पार्षद स्वराज सिंह तथा पूर्व पार्षद सत्यनारायण तोलंबिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

QUICK BITES

## सवाईपुर में विशाल निःशुल्क नैत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर आज

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

( **सांवर वैष्णव** ):- कस्बे के राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन रविवार को होगा । समाजसेवी श्याम सुन्दर श्रौत्रिय ने बताया कि जिला अंधता नियंत्रण सोसायटी भीलवाड़ा, श्री भूरालाल शौभाग सिंह बाबेल चैरिटेबल ट्रस्ट भीलवाड़ा, लायंस क्लब वेलफेयर ट्रस्ट भीलवाड़ा व जीतो लेंडीज विंग भीलवाड़ा चेप्टर के संयुक्त सहयोग से विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा । शिविर सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा ।

## राजस्थान पत्रकार परिषद ने किया जिला अभिभाषक संस्था के नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



राजस्थान पत्रकार परिषद की ओर से शनिवार को जिला अभिभाषक संस्था के नवनिर्वाचित अध्यक्ष उम्मेद सिंह राठौड़ का स्वागत-सम्मान किया गया। जिलाध्यक्ष राजेश जीनगर के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने राठौड़ के निवास पर मेवाड़ी पगड़ी एवं ओपरणा पहनाकर तथा मुंह मीठा कराकर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष राठौड़ ने पत्रकार परिषद के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि जिला बार एसोसिएशन की ओर से संगठन को जहाँ भी आवश्यकता होगी, हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने संगठन की आगामी गतिविधियों व नवाचारों पर चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिए तथा विभिन्न दायित्वों के निर्वहन हेतु समितियाँ गठित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

राठौड़ ने यह भी कहा कि जिन सदस्यों की आजीविका पूर्णतः पत्रकारिता पर निर्भर है, उन्हें राज्य सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए संगठन को प्रयासरत रहना चाहिए।

स्वागत-सम्मान कार्यक्रम में परिषद के उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नाथावत, महासचिव राजकुमार गोयल, संगठन सचिव बालगोविंद व्यास तथा कोषाध्यक्ष सुनीता शर्मा उपस्थित रहीं।

## लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला का लाडपुरा चोराहे पर हुआ स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का शनिवार देर रात लाडपुरा चोराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। चित्तौड़गढ़ से कोटा जाते समय वे रात करीब नौ बजे कुछ समय के लिए यहां रुके, जहां जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने साफा एवं पुष्पमालाओं से अभिनंदन किया।

स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व क्षेत्रीय विधायक गोपाल खंडेलवाल ने किया। इस अवसर पर जोगणियां माता शक्तिपीठ के अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने मां जोगणिया माता की तस्वीर भेंट कर लोकसभा अध्यक्ष का सम्मान किया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष संजय डांगी, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्यामलाल अहीर, पार्षद अनीता सुराणा, जीएसएम अध्यक्ष महावीर सुराणा, अशोक जीनगर एवं रतनलाल खटीक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

## अविनाश गहलोत फाउंडेशन में दिनेश जिला संयोजक नियुक्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



सेवा, निष्ठा और सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पण को देखते हुए अविनाश गहलोत फाउण्डेशन के प्रदेश सचिव रामनिवास भाटी ने दिनेश कुमार माली को जिला संयोजक नियुक्त किया है। नियुक्ति के साथ यह अपेक्षा जताई गई कि दिनेश कुमार माली संगठन की नीतियों, नियमों एवं उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करते हुए सामाजिक गतिविधियों को मजबूती प्रदान करेंगे। प्रदेश सचिव रामनिवास भाटी ने नव-नियुक्त जिला संयोजक को शुभकामनाएं देते हुए समाजहित में निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।